डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 103 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 23 जनवरी 2024 | मूल्य 2 रुपया



## सरकारी वाहन को लगाई आग, गिरफ्तार

**सुवासरा, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के ग्राम टोकडा में एक बदमाश युवक ने चलित पशु चिकित्सा इकाई के सरकारी वाहन को आग लगा दी। जिससे वाहन धू धू कर जलने लगा। मामले में आरोपी अरविंद पंवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल आरोपी ने वाहन के लिए काल किया था। जिम्मेदार आधा घंटा देरी से पहुंचे तो उसने गुस्से में आकर वाहन को आग लगा दी।




हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333


# आ गए हमारे प्रभु श्री राम

## भारत के सांस्कृतिक पुनरोद्धार का अद्भुत ज्वार है यह...

तो प्रभु राम आ गए। भावनाओं के एक अद्भूत देश व्यापी ज्वार के बीच प्रभु श्री राम का अयोध्या में आगमन हो गया। त्रेता में केवल अयोध्या धन्य हुई थी। कलयुग में पूरा देश। एक नई उर्जा के साथ एक नए भारत का उदय हुआ है। यह विशुद्ध दक्षिण पंथी सोच हो सकती है। लेकिन, राम में समग्रता है। वो किसी भी पंथ और विचारधारा से आगे हैं। राम शबरी के भी है और निषादराज के भी। राम वनवासियों के भी हैं और अहिल्या के भी। राम सर्वव्यापी हैं। इसलिए राम और राम के आदर्श और मर्यादाएं सब से उपर हैं।



प्रकाश भटनागर

राम भक्ति में डूबे देश को देख कर वो तमाम सियासी दल अपने उस खांटी सियासी दिल पर आज शायद सिर धुन रहे होंगे, जिन्होंने वैचारिक घुन के असर में आकर यह ऐलान और उस पर अमल कर दिया कि वे अयोध्या में सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल नहीं हुए। क्योंकि उन्होंने भी यह देख और समझ ही लिया होगा कि किस तरह देश राममय हो चुका है और अयोध्या के कार्यक्रम को लेकर लोगों के बीच वह स्वत: स्फूर्त उत्साह है, जो विरले ही दिखाई देता है। किसी समय भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने पर वहां के रहवासियों ने उनके सम्मान में दीपावली मनाई थी। आज अपने आराध्य के लिए असंख्य लोगों के बीच एक- दो नहीं, बल्कि अनगिनत दीपावली जैसा जो जोश दिख रहा है, वह सचमुच इस कालजयी अवसर का विरोध करने वालों के लिए अपने निर्णय पर फिर से सोचने (वह भी शर्म के साथ) का कारण बन चुका है। सारा माहौल भगवामय है। हालत यह कि भगवा ध्वज और श्रीराम की तस्वीरों वाले तमाम सामान बाजार में ढूंढे भी नहीं मिल रहे हैं। ऐसी सामग्री की आपूर्ति से कई गुना अधिक मांग के चलते यह स्थिति बनी है। हर ओर श्रद्धा का वह महासागर दिख रहा है, जिसमें भगवान राम की स्थापना से जुडी श्रद्धा की अनगिनत पवित्र लहरें साफ देखी जा सकती हैं।

इस भावना में गर्जन है, लेकिन बहुत सकारात्मक रूप का। हां, इसका स्वरूप उनके लिए निश्चित ही नकारात्मक है, जो यह पा रहे होंगे कि इन आवाजों में उनकी असहमति का कोई अस्तित्व ही कहीं बाकी नहीं है। यह प्रभु के लिए दिल से श्रद्धा का मामला है, जिसमें किसी विपरीत दलील की कोई गुंजाइश ही नहीं बची। जो शंकराचार्य मंदिर के निर्माण से लेकर आयोजन के मुहूर्त को लेकर मुंह फुलाए बैठे हैं, उनका मुंह भी निश्चित ही यह देखकर खुला का खुला रह गया होगा कि किस तरह आम जनता ने उन्हें अनसुना कर दिया है। यह जता दिया है कि आस्था के आगे और कुछ नहीं है। फिर यह आस्था भी अंधी नहीं कही जा सकती। यदि करीब साढ़े पांच सौ साल की प्रतीक्षा के बाद बहु-प्रतीक्षित पल आया हो तो फिर उससे जुडी प्रसन्नता के आगे मुठ्ठी भर अप्रसन्न स्वरों की भला क्या बिसात रह जाती है? ऐसा ही यहां भी हो गया है।

इस आयोजन का विरोध करने वाले अनेक राजनीतिक दलों की वैचारिक प्रतिबद्धता को समझा जा सकता है। लेकिन कांग्रेस का इस मसले पर जो रुख रहा, वह समझ से परे है। निमंत्रण मिलने के बाद इस पार्टी ने साफ कहा कि उसके दिग्गज नेता आयोजन में शामिल नहीं होंगे, बाकी जो जाना चाहे वो जा सकता है। पार्टी यहीं गच्चा खा गयी। इससे एक साथ सारे देश में संदेश चला गया कि सॉफ्ट हिंदुत्व का नाटक करने वाले इस दल के दिल में आज भी तुष्टिकरण की धड़कन गुंजायमान है। इस पार्टी के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम जब अपने नेताओं को सलाह देते हैं कि वे भाजपा का विरोध करें, राम का नहीं, तब भीतर निहित संदेश को समझा जाना चाहिए। आचार्य प्रमोद ने तो राममंदिर निर्माण का सीधा श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दे दिया है। इस कांग्रेस नेता ने कहा है कि यदि मोदी नहीं होते तो शायद आज राम मंदिर नहीं बन रहा होता। लेकिन के... **शेष पेज 4 पर**



## सभी कीजिए घर बैठे रामलला के दिव्य दर्शन

**अयोध्या, 22 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि पर निर्मित भव्य मंदिर में श्रीरामलला के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूर्ण किया। वैदिक आचार्य सुनील शास्त्री की अगुवाई में 121 प्रकांड विद्वानो ने संजीवनी योग में मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूर्ण कराया। अभिजीत मुहुर्त में दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से 84 सेकेंड के अंतराल में श्याम वर्ण भगवान के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके साथ आसमान से हेलीकाप्टर के जरिये मंदिर प्रांगण में पुष्प वर्षा की गई। श्रीरामलला के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा से पहले स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान 1949 से पूजित रामलला की प्रतिमाओ का पूजन पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में गर्भ गृह में राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे। इस दिव्य क्षण का साक्षी बनने मंदिर प्रांगण में कई अजीम हस्तियां उपस्थति थी।

## सुबह चार बजे जागेंगे रामलला, दिन में दो घंटे करेंगे विश्राम, आज से ऐसा होगा पूजा का शेड्यूल

**अयोध्या, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूर्ण हो गया है। इसी के साथ 23 जनवरी से राम मंदिर में रामलला की पूजा का विधान तय हो गया है। इसके लिए श्री रामोपासना नाम से संहिता बनाई गई है। नियम के तहत सुबह तीन बजे से पूजन और श्रृंगार की तैयारी होगी। चार बजे रामलला को जगाया जाएगा। पहले पांच बार आरती होती थी, आगे भी वैसे ही होगी।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के अनुसार, रामलला को हर घंटे फल-दूध का भोग लगेगा। हर रोज सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक मंदिर खुलेगा। प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए मंदिर में दर्शन की अवधि 14 से 15 घंटे हो सकती है। मंदिर के पुजारियों का कहना है कि 1949 में प्रकट हुए श्री रामलला के वस्त्रों का रंग दिन के अनुसार रहा है। ये परंपरा नए मंदिर में जारी रहेगी। रामलला सोमवार को सामान्य दिनो में सफेद वस्त्र धारण करते हैं, लेकिन विशेष अवसर पर पीले वस्त्र धारण करेंगे। भगवान राम मंगलवार को लाल, बुधवार को हरा, गुरुवार को पीला, शुक्रवार को हल्का पीला या क्रीम कलर, शनिवार को नीला और रविवार को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनेंगे। नये बालरूप विग्रह के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने पुणे के हैरिटेज एंड हैंडवीविंग रिवाइवल चैरिटेबल ट्रस्ट से हथकरघे पर कपडे तैयार करवाए हैं। इनकी बुनाई में देश के 10 से 15 लाख कारीगर शामिल रहे हैं।

### दिन में इसलिए बंद रहेगा मंदिर...

प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद 23 जनवरी से ब्रह्म मुहूर्त में करीब 3 बजे से गर्भगृह की स्वच्छता करने, पूजन और श्रृंगार की तैयारी की जाएगी। 3.30 से 4 बजे के करीब, तय समय पर भगवान के दोनों विग्रह और श्रीयंत्र को मंत्रों से जगाया जाएगा। फिर मंगला आरती होगी। इसके बाद विग्रहों का अभिषेक, श्रृंगार भोग होगा। श्रृंगार आरती होगी। यह 4.30 से 5 तक होगी। सुबह आठ बजे से दर्शन शुरू होंगे। दोपहर, करीब एक बजे मध्याह्न में भोग आरती होगी। दो घंटे दर्शन बंद रहेंगे, भगवान विश्राम करेंगे। दोपहर तीन बजे से दर्शन फिर शुरू होंगे, जो रात 10 बजे तक लगातार जारी रहेंगे। इसी बीच, शाम सात बजे संध्या आरती होगी।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद बोले पीएम मोदी...

## 'यह राम के रूप में राष्ट्र चेतना का मंदिर'

**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का प्रण लिया गया था**



**अयोध्या, 22 जनवरी।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंदिर परिसर में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, हमारे राम लला आ गए हैं। राम लला अब टेंट में नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों के अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं।

हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। हमारे रामलला अब इस दिव्य मंदिर में रहेंगे। मेरा पक्का विश्वास और अपार श्रद्धा है कि जो घटित हुआ है, इसकी अनुभूति देश के, विश्व के कोने-कोने में रामभक्तों को हो रही होगी। ये क्षण आलौकिक है, ये पल पवित्रतम है। 22 जनवरी, 2024 का ये सूरज एक अद्भुत आभा लेकर आया है। ये कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, बल्कि ये एक नए कालचक्र का उद्गम है।

मैं प्रभु श्रीराम से क्षमा भी मांगता हूं। हमारे पुरुषार्थ में कोई तो कमी रही होगी कि इस काम को करने में हमें इतना समय लग गया। मुझे पूरा विश्वास है कि प्रभु श्री राम हमें जरूर माफ करेंगे। राम मंदिर के भूमिपूजन के बाद से प्रतिदिन पूरे देश में उमंग और उत्साह बढ़ता ही जा रहा था। निर्माण कार्य देख देशवासियों में हर दिन एक नया विश्वास पैदा हो रहा था। आज हमें सदियों के उस धैर्य की धरोहर मिली है। आज हमें श्रीराम का मंदिर मिला है।

भारत के संविधान की पहली प्रति में भगवान राम विराजमान हैं। संविधान के अस्तित्व में आने के बाद भी दशकों तक प्रभु श्रीराम के अस्तित्व को लेकर कानूनी लड़ाई चली। मैं आभार व्यक्त करूंगा भारत की न्यायपालिका का, जिसने न्याय की लाज रख ली। आज गांव-गांव में एक साथ कीर्तन, संकीर्तन हो रहे हैं। आज मंदिरों में उत्सव हो रहे हैं, स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं, पूरा देश आज दीपावली मना रहा है।


### मंदिर वहीं बना है, जहां प्रण लिया था: सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने का प्रण लिया गया था। उन्होंने राम मंदिर संघर्ष के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षण को जाहिर करने के लिए शब्द नहीं हैं। 500 साल बाद राम लला अपने मंदिर में विराजे हैं। ऐसा लग रहा है मानो हम त्रेता युग में आ गए हों। आज हर घर राम हैं।

## पशुपति के दशपुर में श्रीराम का ऐतिहासिक स्वागत

**मंदिरों में पूजा-पाठ, चौराहों पर जय श्री राम, सोमवार को राम दीपावली मनी**



**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री अयोध्याजी में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर दशपुर अर्थात मंदसौर में भी अवधपुरी जैसा माहौल रहा। शहर भर में राम धुन, भजन और अखंड रामायण की गूंज सुनाई दी। दिनभर मंदिरों और घरों में विशेष पूजा सुंदरकांड सहित हनुमान चालीसा के पाठ होते रहे। प्रभात फेरियां निकली गई। कई जगहों पर भंडारे भी हुए।

शहर में भगवान पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सुबह रामधुन स्मरण का आयोजन हुआ। इसके बाद शिवना घाट पर महाआरती की गई। मंदिर के सभागृह में एलइडी पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन की लाइव देखा गया। कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, संत और आमजन शामिल हुए। शाम को शिवना तट पर 61 हजार ..... **शेष पेज 4 पर**

### अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर...

## प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों में आई खुशियां

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** घरो में वैसे तो बच्चो के जन्म पर खुशी का माहौल होता है। लेकिन, 22 जनवरी को जन्मे बच्चों के परिवार के यहां यह खुशी दुगुनी थी। अवसर था श्री राम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का। लड़का हो या लड़की अभिभावक और परिवार के सदस्य खुशी से झूम उठे। बड़े अस्पताल में 20 से अधिक डिलेवरी हुई। यही स्थिति निजी अस्पतालो की भी रही। शहर सहित अंचल के सरकारी और निजी अस्पतालों की बात करें तो यह आंकड़ा दुगुने से अधिक था। बड़ी बात यह है कि नामकरण की है। अधिकांश अभिभावकों ने राम के नाम पर ही बच्चो का नाम रखा तो बच्चियों के नाम मां सीता के नाम पर रखे गए। कईयों ने राम और सीता नाम दिए तो कईयों ने राम और सीता के अन्य नाम देकर नामकरण किया। कहीं भूमि या नंदनी तो कहीं रमेश, राघव या .... **शेष पेज 4 पर**

### उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर कार्यवाही...

## सीबीएन अधिकारी आदित्य रंजन को हटाया, ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल एक्शन

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नारायणगढ़ थाने के ग्राम खेजड़ी में गत दिनों सीबीएन की टीम की दबिश के बाद ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया था। इस मामले में सीबीएन अधिकारियों पर आरोप भी लगे थे। बुधवार को इस संबंध में ग्रामीणों ने उप मुख्यमंत्री और मल्हारगढ़ विधायक श्री जगदीश देवड़ा को शिकायत की थी। श्री देवड़ा ने जांच के आदेश दिए थे। मामला केन्द्र सरकार का होने से उन्होंने सीबीएन के उच्चाधिकारियो से चर्चा कर जांच करने की बात कही थी। इसके बाद सीबीएन अधिकारी आदित्य रंजन को हटा दिया गया। श्री देवड़ा ने इस मामले में उच्च अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करने के साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृति नहीं हो, यह विभाग सुनिश्चित करें।

दरअसल उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा को उदय सिंह चौहान सहित अन्य ग्राम वासियों ने शिकायत की थी कि 18 जनवरी को प्रात: 6 बजे हम परिवार वाले घर में सोए थे, तभी अचानक मेरे घर पर नारकोटिक्स विभाग के पुलिस जवान द्वारा तीन चार फोर व्हीलर से दबिश देने आए। इन्होंने दिवार क्षति ग्रस्त की, एक जवान दिवार फांदकर घर में घुसा। इन्होंने पूरा घर तहस नहस कर दिया और कपड़े की पेटियों के ताले भी तोड़ दिए। दल ने हमें भयभीत किया और लाइसेंस काटने की धमकी दी। इस दौरान नारायण गढ़ थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे थे।

### नेम प्लेट पर लिखा था आदित्य रंजन...

ज्ञापन में बताया गया कि दल के एक सदस्य की नेम प्लेट पर आदित्य रंजन लिखा था। ग्रामीणों ने इस दबिश के बाद भविष्य में भी झूठे केस बनाए जाने की आशंका जाहिर की। ज्ञापन पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने विभाग के नई दिल्ली कार्यालय में उच्च अधिकारियों से चर्चा की और निष्पक्ष जांच के निर्देश प्रदान किए। इसके कुछ देर बाद ही आदित्य रंजन को नीमच से हटाकर ग्वालियर भेज दिया गया। उनके स्थान पर जावरा सीबीएन के अधिकारी श्री वीके कुमार को नीमच स्थानांतरित किया गया है। उनके पास जावरा व गरोठ का चार्ज अतिरिक्त रहेगा।




श्री अयोध्याजी के नवनिर्मित मंदिर में
श्री राम लला
के विराजमान होने पर समस्त देशवासियो और विश्व में फैले हिन्दू समाज को दिल की गहराई से
हार्दिक शुभकामनाएं
----------बधाईकर्ता----------
झंवर इंटरप्राईजेस
कालीदास मार्ग, मन्दसौर
विनस कम्प्युटर्स
कालाखेत, गौतम नगर, मन्दसौर
जगदीश टी डिपो
कालीदास मार्ग, मन्दसौर
झंवर मेडिकल
नयापुरा रोड़, मंदसौर





श्री अयोध्याजी के नवनिर्मित मंदिर में
श्री राम लला
के विराजमान होने पर समस्त देशवासियो और विश्व में फैले हिन्दू समाज को दिल की गहराई से
हार्दिक शुभकामनाएं
********** शुभेच्छु **********
साजन-सजनी गारमेंट्स
कालीदास मार्ग, मंदसौर
उच्च क्वालिटी के रेडीमेड कपड़ो के विक्रेता
लेडिस, जेन्ट्स एवं किड्स वियर की विशाल श्रृंखला

## एमपी बोर्ड परीक्षा : नहीं मिलेगी सप्लीमेंट्री कॉपी...

# कलेक्टर को किया अलर्ट

## भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आने के मद्देनजर अब सरकार ने फर्जी पेपर और पेपर लीक की भ्रामक जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर्स को अलर्ट किया है।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदयप्रताप सिंह और लोक शिक्षण आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव ने सभी जिलों के कलेक्टर्स को इसे लेकर अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए हैं। इसके तहत जागरूकता अभियान चलाकर फर्जी पेपर बांटने, पेपर लीक की अफवाह फैलाने और इस तरह के अन्य गिरोहों के झांसे में आने से बचने के लिए काम किया जाएगा। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को भी इसे लेकर काम करने के लिए कहा गया है।

### यह भी है खास...

✼ परीक्षा केंद्रों पर लोहे की पेटी रखी जाएगी, जिसमें यदि किसी के पास नकल है तो वह परीक्षा से पूर्व उसमें डाल सकेगा। ✼ विद्यार्थी को परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से एक घंटा पहले उपस्थित होना होगा और 30 मिनट पहले परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। ✼ केंद्राध्यक्ष को परीक्षा शुरू होने के 20 मिनट पहले तक छात्र को परीक्षा कक्ष में प्रवेश देना होगा। ✼ परीक्षा केंद्र में जो स्टाफ तैनात है उसके पास आइकार्ड होगा और सभी को आइकार्ड लगाना होगा। ✼ संबंधित स्कूल में कार्यरत कोई भी शिक्षक पर्यवेक्षक की ड्यूटी नहीं कर सकेगा। ✼ उन स्कूलों के शिक्षक भी पर्यवेक्षक की ड्यूटी नहीं करेंगे, जहां के विद्यार्थी संबंधित स्कूल में परीक्षा देंगे। ✼ बैठक व्यवस्था 20/40/60 के मान से की जाएगी। ✼ छात्रों के आगे-पीछे और आजू-बाजू एक जैसे सेट के पेपर नहीं बांटे जाएंगे।

### नकल को लेकर सख्त...

माध्यमिकशिक्षा मंडल की हाईस्कूल और हायर सेकंडरी की परीक्षाएं फरवरी के प्रथम सप्ताह से शुरू होने जा रही हैं। मंडल ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर इस बार विशेष रूप से नकल रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में परीक्षार्थियों को 32 पेज की उत्तरपुस्तिका (कॉपी) दी जाएगी और इसी में पूरा पेपर सॉल्व करना होगा। अलग से कोई सप्लीमेंट्री की कॉपी परीक्षार्थियों को नहीं दी जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिकाओं में ओएमआर शीट को काले अथवा नीले रंग के बाल पेन से तय जगह पर रोल नंबर सहित अन्य जानकारी पर ही गोला लगाना होगा और केंद्राध्यक्ष को परीक्षार्थियों को स्कूलों के परीक्षार्थियों के साथ मिश्रित करके ही बैठाया जाएगा। वहीं कोई विद्यार्थी नकल करते मिला अथवा उसके पास कोई चिट, कॉपी सहित अन्य सामग्री मिलती है तो उसके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से परीक्षा केंद्र में एंट्री व एग्जिट का एक ही गेट होगा। हालांकि मेन गेट पर भी परीक्षार्थियों की तलाशी ली जाएगी।

## गोसेवा जीव सेवा विकास अभियान बफर डिनर का शंखनाद

**नीमच, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** जीव सेवा विकास अभियान जय गणेश परिवार के श्रद्धालु भक्तों द्वारा 22 जनवरी अयोध्या में श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार सुबह 10बजे केंद्रीय विद्यालय के समीप ब्रह्मा कुमारी विद्यालय के पीछे विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित गौधाम बालाजी गौ सेवा धाम में पहुंचकर बीमार गायों का पूजन आरती के बाद उनको गुड से बनी दलिया ,लाप्सी, फल, फ्रूट,हरी सब्जियां व बांटा आदि विभिन्न पशु आहार सामग्री गायों को थाली में सजाकर बफर डिनर के रूप में खिलाई गई और गौ सेवा अभियान के प्रकल्प का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि गौ सेवा का यह अभियान विगत 2 वर्षों से निरंतर जारी है जिसमें अनेक श्रद्धालु भक्त अपने वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, पुण्यतिथि,सहित विभिन्न मांगलिक एवं सामाजिक प्रसंग के पावन उपलक्ष्य में प्रत्येक गुरुवार को पहुंचकर रोगियों को औषधि युक्त पशु आहार का सेवन करवाते हैं और गायों के स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करते हैं। गायों को पशु आहार वितरण करने के जीव सेवा विकास अभियान के लिए 8319720701, 9165002700पर संपर्क कर सकते हैं।

### भारत के सांस्कृतिक पुनरोद्धार... पेज 1 से जारी

आलाकमान के पास शायद इसके लिए फुर्सत नहीं। वे मंदिर के फेर में भाजपा और आरएसएस के विरोध की जल्दबाजी में चूक कर गए। इस पार्टी को कम से कम समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव से ही सीख लेना चाहिए थी, जिन्होंने आयोजन में भारी भीड़ का हवाला देकर कहा कि वह किसी अन्य समय पर रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे। मगर कांग्रेस ने खुद के लिए ऐसा कोई बीच का रास्ता ही नहीं छोड़ा और अब यह देखना होगा कि इस पार्टी के लिए आगे कौन सा रास्ता बचता है।

भावनाओं के इस अद्भूत ज्वार से उन लोगों को ज्वर आना तय है, जो कुछ समय पहले तक इस अहंकार में डूबे थे कि उनके विरोध का इस आयोजन की गरिमा और उससे जुड़े उल्लास पर विपरीत असर होना तय है। इन सभी को राममय माहौल से जो जवाब मिला है, उसके बाद भी यदि उनके पास इस कार्यक्रम के विरोध में कुछ सवाल मौजूद हैं तो फिर यही कहा जा सकता है कि 'जाको प्रभु दारुण दुख देही, ताकी मति पहले हर लेही।'

### पशुपति के दशपुर में श्रीराम का... पेज 1 से जारी

दीपक प्रज्वलित किए। वहीं भव्य आतिशबाजी और लेजर लाइट शो हुआ। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के साथ ही शहर के तलाई वाले बालाजी, गांधी चौराहा स्थित विश्वपति शिवालय, बस स्टैंड स्थित बड़े बालाजी मंदिर, जगदीश मंदिर सहित सभी मंदिरो में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। वहीं शाम को घर-घर में दीपक जलाए गए। इसके साथ ही मंदिरों, चौक चौराहों पर आतिशबाजी और अन्य कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।

**समूचा शहर दीपावली जैसे सजा**–रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर बाजार भगवामय नजर आया। शहर में भगवा पताकाएं लहराती दिखीं। साथ ही व्यापारियों ने अपने-अपने प्रतिष्ठानों में रोशनी की। बाजार में रंगोली, दीपक और लाइटिंग हुई। सोमवार को प्रतिष्ठा के अवसर पर शाम को घर-घर दीपक लगाए गए। सभी मंदिरो को सजाया गया और आतिशबाजी की गई। शहर में जगह जगह डीजे लगाए गए थे। जिसमें राम भजनों पर लोग थिरक रहे थे। राम के जयकारों से शहर गूंज रहा था। इधर शहर में प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद आतिशबाजी से शहर गूंज उठा। बच्चे हो या बूढ़े सभी में खासा उत्साह देखा गया।

**जगह-जगह प्रसाद वितरित**–अयोध्या में भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सोमवार को जिला धार्मिक उत्सव समिति के तत्वावधान में सर्व समाज मंदसौर के सहयोग सें विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पर 71 हजार देशी घी के लड्डुओं की प्रसादी का वितरण किया गया। दशपुर नगर के सर्वसमाज के सहयोग से विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा पर अनेक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें मंदसौर नगर के कई कारसेवको का सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग सभी चौराहो पर दिन भर प्रसादी का वितरण चला। बीपीएल चौराहे पर हिम्मत होम इंडस्ट्री के सोजन्य से श्री राम मंदिर की प्रतिकृति स्थापित कर रविवार से सजा दिया गया था। सोमवार को दिन भर प्रसादी का वितरण किया गया।

### प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों... पेज 1 से जारी

रघुनंदन नाम देकर बच्चों का नामकरण किया गया। कई जगहों पर कागजों पर राम या सीता के नाम नहीं थे। लेकिन, बधाईयां इसी से शुरु हुई कि राम या सीता घर में आए है। मतलब साफ है कि घर का नाम तो राम या सीता के नाम पर बच्चों का हो गया। सोमवार को श्रीराम के प्राण- प्रतिष्ठा को लेकर देश के कोने- कोने में भव्य रूप से तैयारी काफी पहले से ही चल रही थी। ऐसे में गर्भवतियों ने इस शुभ अवसर पर डॉक्टरों से डिलीवरी डेट की मांग भी 22 जनवरी रखी थी। हालात यह हो गए है बीते दिनों होने वाली डिलीवरी को भी आज के ही दिन कराने की प्लानिंग कर ली गई थी। सोमवार को शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि थी। प्रभु राम का जन्म अभिजीत योग में हुआ था। सोमवार को भी अभिजीत योग लंबे समय तक रहा। यही नहीं रात्रि में पड़ने वाले अभिजीत मुहूर्त में भगवान कृष्ण का अवतरण हुआ था। अभिजीत मुहूर्त में सभी प्रकार के दोषों को नष्ट करने की ताकत होती है। इसलिए इस मुहूर्त को सर्वश्रेष्ठमाना जाता है।



## हीर के नृत्य ने मनमोहा

### विधायक सहित अतिथियों ने किया पुरस्कृत

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** तलाई वाले बालाजी मंदिर में स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत दया मंदिर में धार्मिक आयोजन जारी है। इसी तरह से जिला धार्मिक उत्सव समिति द्वारा अयोध्या में राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत प्रसादी वितरण के साथ अन्य कार्यक्रम आयोजित हुए। दोनों ही जगहों पर राम आएंगे...भजन पर हीर ककनानी ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। हीर के नृत्य की मौजूद अतिथियों सहित सभी लोगों ने प्रशंसा की। इसके बाद हीर ककनानी को मंच पर विधायक विपीन जैन द्वारा पंडित दशरथ भाईजी, भाजपा नेता अनिल कियावत सहित अन्य अतिथियों और समिति के सदस्यों की मौजूदगी में नगद पुरस्कार देकर सम्मानीत किया गया।

## मल्हारगढ़ में 12 करोड़ रुपए की लागत से भवानी माता मंदिर का पुनर्निर्माण होगा-उप मुख्यमंत्री देवड़ा

### श्री राम मंदिर मल्हारगढ़ में उप मुख्यमंत्री ने राम, सीता, लक्ष्मण की मूर्ति की स्थापना की

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर मल्हारगढ़ में भवानी माता मंदिर से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ने राम जन्मभूमि में योगदान करने वाले कार सेवकों का सम्मान किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रामचरित मानस के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा द्वारा कहा गया कि मल्हारगढ़ में स्थित भवानी माता मंदिर का पुनर्निर्माण 12 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस मंदिर को पुन: भव्य किले का रूप प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर हम सभी में अपार उत्साह है। मन बहुत भावुक है। गली-गली में राम के भजन चल रहे हैं। मंदिर भव्य बनाएंगे। यह बात आज सार्थक हो गई। आज भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इसके लिए प्रदेशवासियों, जिले वासियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।



भवानी माता मंदिर के कार्यक्रम के पश्चात उप मुख्यमंत्री ने मल्हारगढ़ में ही श्री राम मंदिर पर राम, सीता और लक्ष्मण की मूर्ति की स्थापना की। श्री राम मंदिर पर ही अयोध्या से प्रसारित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा और सुना। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री ने थड़ोद फंटे पर स्थित बालाजी मंदिर पहुंचकर भगवान बालाजी के दर्शन किए तथा जिले वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा की यह प्रगति और परंपरा का उत्सव है। इसमें विकास की भव्यता और विरासत की दिव्यता है। यही भव्यता और दिव्यता हमें प्रगति पथ पर आगे ले जाएगी। मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु जनों को शुभकामनाएं प्रदान की।


## कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक / 172/ई-टेण्डरिंग/2024 नारायणगढ़, दिनांक-22/01/2024

### ✼✼✼ ई-निविदा आमंत्रण सूचना ✼✼✼

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_UAD_ 327794_1 दिनांक-22.01.2024 | UNDER CM URBAN AREA INFRASTRUCTURE AND CONSTRUCTION SCHEME REJUVENATOIN AND BEAUTI FICATION OF TALAB NEAR CHARBHUJA MANDIR AT WARD 04 NARAYANGARH DISTRICT MANDSAUR MP | 12 Months 85,91,828/- | 10,000/- 64,439/- | 21.02.2024 05.30 PM |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर हीं किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

ममताकुंवर जयराजसिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़ | वीरेन्द्र रुपरा, उपाध्यक्ष, नगर परिषद नारायणगढ़ | किशनकुमार कुसुमाकर, सभापति, लोक निर्माण विभाग, नगर परिषद नारायणगढ़ | प्रमोद जैन, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद नारायणगढ़


## मप्र में बजट से पहले 26 विभागों को खर्च करने के लिए मिले 8,623 करोड़ रुपये

**भोपाल, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में सरकार पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ा रही है। बजट से पहले 26 विभाग 8,623 करोड रुपये व्यय करेंगे। तीन माह के लिए सरकार ने यह राशि विभागों को दी है। इसमें लोक निर्माण, जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्माण कार्यों के लिए चार हजार करोड़ रुपये से अधिक दिए गए हैं। विभिन्न विभाग 847 करोड़ रुपये परियोजना कियान्वयन इकाई को देंगे, जो भवन निर्माण का काम कर रही है।

मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए 56 हजार 256 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए रखे हैं। वित्त विभाग ने 26 विभागों को विशेष व्यय सीमा जनवरी, फरवरी और मार्च के लिए स्वीकृत की है। 8,623 करोड रुपये की इस विशेष व्यय सीमा से पूंजीगत कामों को गति दी जाएगी। लोक निर्माण विभाग को विभिन्न निर्माण कार्यों के भुगतान के लिए दो हजार 55 करोड़ रुपये दिए गए हैं। सिंचाई परियोजनाओं को गति देने के लिए जल संसाधन विभाग को एक हजार 255 करोड़ और नर्मदा घाटी विकास को 807 करोड़ रुपये मिले हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन के कार्यों के लिए 991 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। ग्रामीण विकास को 591 और वन विभाग को 439 करोड़ रुपये मिले हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को 309, स्कूल शिक्षा 300, उद्योग 276, उच्च शिक्षा 206,गृह 203, खेल एवं युवक कल्याण 162, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार 157, संस्कृति 112 और चिकित्सा शिक्षा विभाग को 109 करोड़ रुपये की व्यय सीमा तीन माह के लिए स्वीकृत की है। इसके अतिरिक्त जनजातीय कार्य, राजस्व, अनुसूचित जाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, पर्यटन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को राशि आवंटित की गई है।

# शिव की नगरी हो गई है राम मय

**दर्द-ए-दिल** — कुमार दशपुरी

**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** धार्मिक और ऐतिहासिक नगर होने का गौरव इस शहर को प्राप्त है। आरंभ से ही यहां की प्रत्येक गतिविधि इस क्षेत्र की प्राचीन अस्मिता से जुड़ी हुई है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का जो वातावरण पूरे देश में बना हुआ है उसका प्रभाव इस शहर पर भी व्यापक रूप से दिखाई दे रहा है। पूरा शहर राममय हो गया है। कोई मोहल्ला कॉलोनी या रहवासी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जहां कोई ना कोई गतिविधि नहीं हो रही हो। ऐसा वातावरण वास्तव में पहले कभी नहीं देखा गया। जैसा अभी देखा जा रहा है।

वास्तव में भगवान राम के प्रति जो आस्था प्रत्येक सनातन परंपरा के व्यक्ति में होती है वह पूरी तरह से मुखरित होकर सामने दिखाई दे रही है, लोग कल्पना कर रहे हैं कि 25000 साल पहले जब भगवान श्री राम वनवास पूरा कर लंका विजय कर अयोध्या वापस आए होंगे तब कैसा अलौकिक वातावरण अयोध्या और पूरे देश में बना होगा। कल्पना की जा सकती है कि आज के इस वातावरण को देखकर मंदसौर नगर में श्रीतलाई वाले बालाजी मंदिर के 6 दिवसीय स्वर्ण कलश प्रतिष्ठा महोत्सव में जो आयोजन चल रहे हैं, उनके माध्यम से भी नगर का वातावरण पूरी तरह से राम भक्ति मय बन गया।

उधर जीवागंज में पिपली वाले माताजी मंदिर के नवनिर्माण के प्रतिष्ठा के महोत्सव के भी 5 दिन के आयोजन चल रहे थे। वहां भी सोमवार 22 जनवरी को यहां प्रतिष्ठा समारोह हुआ। इसी प्रकार गीता भवन में भी राम दरबार के मंदिर का शीला पूजन 22 जनवरी को किया गया। शहर के लगभग सभी मंदिरों की गतिविधियां इसी दिन काफी व्यापकता के साथ हुई। सोमवा को सायंकाल सबसे बडा आकर्षण भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर का परिक्षेत्र जहां मंदिर समिति द्वारा गनेडीवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 51000 दीपकों को घाट पर सजाया गया और एक अद्भुत लेजर शो आतिशबाजी का भी भव्य आयोजन हुआ। पूरे शहर में दिनभर वातावरण राममय रहा। इसलिए वास्तव में कहा जा सकता है कि शिव की यह नगरी पूरी तरह से राम मय हो गई है।



## प्राण-प्रतिष्ठा पर गंगानगर ऑफिस में दीवाली जैसा जश्न

### समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर ने जीता हर किसी का दिल, भगवा रंग दिखा गंगानगर ग्रुप में, दिनभर धार्मिक आयोजन: समाजसेवी अरूल अशोक गंगानगर द्वारा सुबह सुंदरकांड तो दोपहर को वाहन रैली में गूंजे श्रीराम के जयकारें

**नीमच, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में बाल स्वरूप की प्राण—प्रतिष्ठा को लेकर नीमच में भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा कई धार्मिक आयोजन किए गए। गंगानगर ग्रुप में प्राण—प्रतिष्ठा महोत्सव के मौके पर दीवाली से भी ज्यादा भव्य नजारा दिखा। अरूल अरोरा द्वारा सुबह अविनाश ग्रुप में सुंदरकांड का आयोजन रखा गया तो दोपहर को शहर के प्रमुख मार्गों से वाहन रैली निकली। वाहन रैली में गले में केसरिया दुपट्टा पहने और बाइक पर जय श्री राम के झंडों के साथ सैकडों लोग शामिल हुए।

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण—प्रतिष्ठा पर पूरा शहर सोमवार को भगवान राम की भक्ति में डूबा रहा। हर वर्ग ने अपने अंदाज में इस महोत्सव को मनाया। बीते कई दिनों से अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा आयोजन को भव्य रूप देने की तैयारियां की जा रही थी। सोमवार सुबह गंगानगर आफिस में शहर के जैन भवन रोड स्थित कार्यालय पर सुंदरकांड का आयोजन शुरू हुआ। पूरे दफ्तर को दुल्हन की तरह सजाया गया था और श्रीराम के तोरण द्वार लगाए गए। सुंदकांड में महाआरती के बाद वाहन रैली शुरू हुई। वाहन रैली में समाजसेवी अशोक अरोरा गंगानगर, उनके पुत्र अरूल अरोरा वाहनों के काफिले के साथ निकले। वाहन रैली टैगोर मार्ग, ग्वालटोली, इंदिरा नगर, फव्वारा चौक, अम्बेडकर मार्ग, गोमाबाई रोड, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए श्री किलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां पर समाजपन हुआ। रैली में आगे—आगे समाजसेवी अशोक अरोरा, अरूल अरोरा गंगानगर बुलेट पर चल रहे थे तो वहीं पीछे—पीछे सैकडों भक्त जयकारें लगाते हुए चल रहे थे। वाहन रैली का जगह—जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी अशोक अरोरा द्वारा आनंदो ग्रुप द्वारा नवनिर्मित आदियोगी शिव प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। शाम को सीआरपीएफ रोड पर राम भजन संध्या का आयोजन रखा गया। भजन संध्या से पहले जोरदार आतिशबाजी की गई। भजन संध्या में प्रसिद्ध कलाकार सतवंत बादशाह ने एक से बढकर भजनों की प्रस्तुतियां दी। देर रात भजन संध्या चली और पूरा सीआरपीएफ रोड श्रीराम की भक्ति में डूबा रहा। गंगानगर ऑफिस पर रविवार को 5100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए गए थे, जो कि नीमच शहर में एक रिकार्ड है।

## ब्रिगेडियर सौरभ जैन ने किया मंदसौर एनसीसी बटालियन स्थापना को लेकर निरीक्षण



**मंदसौर, 22 जनवरी गुरु एक्सप्रेस।** इंदौर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर सौरभ जैन वीएसएम (भारतीय सेना) का मंदसौर आगमन हुआ बाईपास से पायलटिंग के द्वारा सर्किट हाउस पहुंचे जहां कमर अधिकारी कर्नल रिजवान खान द्वारा उनका स्वागत किया गया साथ ही सभी स्टाफ से परिचय प्राप्त किया। जहां कैडेट वृंदा राणावत, खुशी सिसोदिया और अक्षत जैन को उत्कृष्ट कार्य करने पर गिफ्ट प्रदान किया गया, तत्पश्चात चंद्रपुरा स्थित पशुपतिनाथ गेट के समीप नवीन एनसीसी बटालियन स्थल का निरीक्षण किया गया, जहां पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी आदित्य सोनी साहब एवं इंजीनियर राकेश श्रीवास्तव द्वारा चल रहे काम जानकारी दी गई। साथ में नीमच बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल रिजवान खान भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एनसीसी अधिकारी विजय सिंह पुरावत, ट्रूप कमांडर जितेंद्र कनौजिया, सूबेदार जयप्रकाश सिंह, सीएचएम राजेंद्र सिंह, हवलदार सरजेराव यादव, हवलदार संतोष कुमार यादव, टी ओ नरेंद्र जोशी उपस्थित रहे, निरीक्षण केपश्चात ब्रिगेडियर साहब द्वारा पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचे जहां अभिषेक कर पूजा अर्चना की वही समीप नवीन जैन मंदिर के भी दर्शन किए जहां जैन मंदिर ट्रस्ट द्वारा ब्रिगेडियर साहब का साल और श्रीफल से स्वागत किया गया, तत्पश्चात माननीय ब्रिगेडियर महोदय नीमच की ओर प्रस्थान किया।


क्रमांक-2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेण्डरिंग/406/1462

## कार्यालय प्रमुख अभियंता

### जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन-0755-2553402, फैक्स- 0755-2552406

### ✼✼✼✼ निविदा आमंत्रण सूचना ✼✼✼✼

निविदा सूचना क्रमांक-563/2715001/ई.पी.डी./2021-22/प्र.अ./ई-टेण्डरिंग भोपाल, दिनांक 16.01.2024

निम्न कार्यो हेतु निविदाए वेबसाईटhttps:www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.02.2024 को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकता है। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_WRD_ 313693 | बाणसागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना में स्थापित 33/66 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र में सी.टी. के स्थापना का कार्य। | शहडोल | 1.00 |
| 2. | 2023_WRD_ 313696 | पुराने और प्रयुक्त ड्रिलिंग उपकरणों (स्टॉक सामग्री) का विक्रय | शहडोल | 0.63 |
| 3. | 2023_WRD_ 313697 | बाणसागर क्योंटी नगर अंतर्गत तिवनी माइनर तथा मंड माइनर पर नये गेट का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 1.02 |
| 4. | 2023_WRD_ 313699 | आर.डी.28.15 कि.मी. पर सी.डब्ल्यू.यसी. नहर तथा आर.डी. 0.00 कि.मी. से 45.00 कि.मी. क्योटी नअर की सी.आर.एच. आर.एवं स्रेप गेटों के आयलिंग, ग्रीसिंग का मरम्मत कार्य। | शहडोल | 1.60 |
| 5. | 2023_WRD_ 313700 | बाणसागर क्योंटी नहर की सलइया माइनर तथा बढौआ माइनर पर नये गेट का प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | शहडोल | 0.62 |
| 6. | 2023_WRD_ 313855 | भानपुरा नहर परियोजना एवं शामगढ, सुवासरा, कार्यालय भवन शामगढ़ हेतु श्रमिकों का प्रदाय। | मंदसौर | 19.98 |
| 7. | 2023_WRD_ 325227 | मिट्टी एवं धातु परीक्षण प्रयोगशाला संभाग जबलपुर की प्रयोगशाला में स्थापित मशीनों का केलीब्रेशन सम्पादन कार्य। | जबलपुर | 1.08 |
| 8. | 2023_WRD_ 325382 | बरखेड़ा मध्यम सिंचाई परियोजना के बांध सुरक्षा, संचालन एवं रख रखाव हेतु 4 नग अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | धार | 6.39 |
| 9. | 2023_WRD_ 325772 | लाईट मशीनरी एवं वि/यां उपसंभाग खण्डवा के भवन का अपग्रेडेशन कार्य। | धार | 2.53 |
| 10. | 2023_WRD_ 325733 | मिट्टी एवं धातु परीक्षण प्रयोगशाला संभाग जबलपुर की प्रयोगशाला प्रयोगशाला में एक वर्षीय हाउसकीपिंग एवं संपादन कार्य। | जबलपुर | 8.31 |
| 11. | 2023_WRD_ 325751 | सिंचाई परियोजना के पं प हाउस क्रं.3 से प्रभावित ग्राम जमनहाई पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन (काकलखेड़ी डी.एल.) के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 5.80 |
| 12. | 2023_WRD_ 326052 | बण्डा सिंचाई परियोजना के पहुंच मार्ग से प्रभावित ग्राम रक्सी पर 11 के.व्ही. विद्युत लाईन के प्रतिस्थापन एवं अन्य कार्य। | सागर | 6.53 |
| | | | कुल योग | 55.49 |

G-23251/23 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in